तापमान

अधिकतम 18 .5 डिग्री
न्यूनतम 4 .5 डिग्री

# हरिभूमि जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार 3 जनवरी 2026



12 सभी विकास कार्यों को तीव्रता के साथ पूरा करवाया ..





12 नववर्ष में नए श्रेष्ठ संकल्पों के द्वारा स्वयं को उमंग ...




# आयुष विवि ने तैयार किया औषधीय काढ़ा, सर्दी-जुकाम से बचाएगा

## जड़ी-बूटियों से निर्मित यह विशेष काढ़ा रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में सहायक

*आयुर्वेदिक अस्पताल में रोगियों को रोजाना 30 एमएल मिलेगा*

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

शीत ऋतु में खांसी, बुखार एवं प्रतिश्याय (जुकाम) जैसी मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र द्वारा विशेष औषधीय काढ़ा तैयार किया गया है। यह काढ़ा विश्वविद्यालय के आयुर्वेदिक अस्पताल में आने वाले रोगियों को रोजाना 30 एमएल की मात्रा में वितरित किया जाएगा। आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान एवं कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर ने शुक्रवार को आयुर्वेदिक अस्पताल पहुंचकर रोगियों को काढ़ा वितरित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयुर्वेदिक अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. राजा सिंगला तथा स्टेट आयुर्वेदिक फार्मेसी के प्रबंधक प्रो. रवि राज विशेष रूप से उपस्थित रहे।





**कुरुक्षेत्र।** काढ़ा वितरित करते कुलपति प्रो. करतार सिंह धीमान। फोटो : हरिभूमि

### ऋतु के अनुसार काढ़ा वितरित किया जाएगा

इस अवसर पर कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि काढ़ा आयुर्वेद की सबसे प्रभावी औषधि विधा है, जिससे आगे चलकर अन्य औषधियां, जैसे गोलियां, तैयार की जाती हैं। उन्होंने बताया कि जड़ी-बूटियों से निर्मित यह विशेष काढ़ा रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में सहायक है और अब आयुर्वेदिक अस्पताल में ऋतु के अनुसार काढ़ा वितरित किया जाएगा। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य आयुर्वेद को केवल शिक्षण तक सीमित न रखकर उसे जनसेवा से जोड़ना है। इस अवसर पर आयुर्वेदिक अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. राजा सिंगला ने कहा कि शीत ऋतु में खांसी, बुखार एवं प्रतिश्याय (जुकाम) जैसी समस्याएं आम हो जाती हैं।

### काढ़े की गुणवत्ता एवं शुद्धता का रखा जा रहा है विशेष ध्यान

ऐसे में यह औषधीय काढ़ा शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ श्वसन तंत्र को मजबूत करता है। रसशास्त्र एवं भैषज्य कल्पना विभाग के प्रोफेसर एवं स्टेट आयुर्वेदिक फार्मेसी के प्रबंधक डॉ. रवि राज ने बताया कि शीत ऋतु को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन लगभग 3 लीटर औषधीय काढ़ा तैयार किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक रोगियों को इसका लाभ मिल सके। यह काढ़ा लेमन ग्रास, तुलसी, गिलोय, दालचीनी एवं काली मिर्च जैसी चयनित औषधीय जड़ी-बूटियों से वैज्ञानिक एवं आयुर्वेदिक विधि से तैयार किया जा रहा है। फार्मेसी स्तर पर काढ़े की गुणवत्ता एवं शुद्धता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है, ताकि रोगियों को सुरक्षित और प्रभावी औषधि उपलब्ध कराई जा सके।

## अंबाला में वारदात : पुलिस की कई टीमें मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए

# भूप्पी राणा गैंग के बदमाशों ने युवक पर की फायरिंग, कांच की बोतलें मारकर खदेड़ा

*युवक की हत्या का प्रयास, घटना के बाद गांव में भारी तनाव*

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला छावनी के टुंडला गांव में देर रात फायरिंग कर एक युवक की हत्या का प्रयास किया गया। जवाबी कार्रवाई में युवक व उसके परिजनों ने कांच की बोतलों से हमला किया। जान बचाने के लिए हमलावरों को मौके से फरार होना पड़ा। घटना के बाद गांव में भारी तनाव फैल गया। भूप्पी राणा गैंग से जुड़े अमन सोनकर के करीब एक दर्जन हथियारबंद बदमाशों पर हमले क आरोप लगे हैं। पंजोखरा थाना पुलिस को दी गई शिकायत में गांव टुंडला के रणधीर सिंह ने बताया कि रात करीब 10:30 बजे अमन सोनकर का फोन आया था। अमन ने आरोप लगाया कि गांव के एक युवक 'काडी' ने उनके लड़के का बैग उठा लिया है। रणधीर ने आमने-सामने बैठकर बात करने का प्रस्ताव दिया, लेकिन अमन ने अपने गुर्गों को भेज दिया।



**अंबाला।** टुंडला में जांच करने पहुंची पुलिस। फोटो : हरिभूमि

### झगड़े के बाद आरोपी सत्यम ने गोली चलाई

आपसी झगड़े के बाद आरोपी सत्यम ने गोली चलाई है। पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

-जय सिंह, थाना प्रभारी पंजोखरा

### बैग उठा लिया

पंजोखरा थाना पुलिस को दिए बयान में टुंडला गांव निवासी रणधीर सिंह ने बताया कि वह खेती बाड़ी करता है। 1 जनवरी की रात 10 बजकर 30 मिनट पर वह अपने घर पर था। तभी अमन सोनकर ने फोन पर कहा कि टुंडला के काडी नाम के एक युवक ने उनके लड़के का बैग उठा लिया है।

### बाइक और एक्टिवा पर सवार होकर आए बदमाश

चार बाइक और तीन एक्टिवा पर सवार होकर आए सत्यम, शिवम, मोनू, आकाश, राजू और अन्य बदमाशों ने आते ही झगड़ा शुरू कर दिया। इसी बीच आरोपी सत्यम ने पिस्टल निकालकर रणधीर पर गोली चला दी। रणधीर ने फुर्ती दिखाते हुए खुद को बचाया। अपनी जान बचाने के लिए रणधीर और उसके साथियों ने घर में रखी कांच की बोतलें बदमाशों पर फेंकनी शुरू कीं। इसके बाद हमलावर मौके से भाग निकले। भागते समय बदमाश अपनी एक एक्टिवा और बैग वहीं छोड़ गए।

### पूर्व सरपंच ने घटना पर कड़ा रोष जताया

वारदात की सूचना मिलते ही पंजोखरा थाना पुलिस, सीआईए-1 और सीआईए-2 की टीमें मौके पर पहुंचीं और साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने सत्यम, शिवम, मोनू समेत पांच नामजद और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। गांव के पूर्व सरपंच बिल्लू ने घटना पर कड़ा रोष जताते हुए कहा कि बदमाश अब गांवों के अंदर घुसकर तांडव कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस सुरक्षा चूक को लेकर वे जल्द ही परिवहन एवं ऊर्जा मंत्री अनिल विज और एसपी से मुलाकात करेंगे।

## पत्नी की शिकायत पर एजेंट पर केस

# डंकी रूट से यूएस जा रहा पानीपत का युवक लापता

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत में अमेरिका भेजने के नाम पर ठगी और डंकी रूट यानि अवैध रास्ता के जरिए सुनील निवासी गांव शिमला मौलाना जिला पानीपत को भेजने के मामले में हुडा सेक्टर 13/17 थाना पुलिस ने कुलदीप सिंह निवासी गांव गंगाटेहडी जिला करनाल पर केस दर्ज किया है। इधर, शिकायकर्ता सुनील की पत्नी मीना ने कुलदीप पर धोखाधड़ी, मानव तस्करी व बंधुआ मजदूरी करवाने की नीयत से उनके पति सुनील को को मौत के मुंह में धकेलने का आरोप लगाया है। इधर, मीना ने बताया कि कुलदीप सिंह ने उन्हें और उनके पति सुनील को झांसा दिया था कि वह एक रजिस्टर्ड एजेंट है। उसने 76 लाख रुपए में दोनों को अमेरिका भेजने, वहां ग्रीन कार्ड और टीचर की नौकरी दिलवाने का सौदा तय किया। आरोपी ने भरोसा दिलाया था कि पूरा पैसा अमेरिका पहुंचने के बाद ही देना होगा। मीना ने बताया कि कुलदीप ने सुनील को मेक्सिको भेजने के बजाए उसे दुबई और अजरबैजान के रास्ते सर्बिया नामक देश भेज दिया। मीना का आरोप है कि सर्बिया पहुंचते ही एजेंट के गुर्गों ने सुनील से मारपीट कर 5000 यूरो (यूरोप महाद्वीप में चलने वाली नगदी) और पासपोर्ट छीन लिए।

## ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत

**यमुनानगर।** गांव खारवन के पास ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर-ट्राली चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव भगवानपुर निवासी सोनी कुमार ने सदर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका लड़का 35 वर्षीय अजय कुमार देर शाम अपनी बाइक पर काम से घर लौट रहा था। जब वह गांव खारवन के पास पहुंचा तो तेज गति से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली ने उसके बेटे की बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी चालक कुछ देर मौके पर रूकने के बाद वहां से फरार हो गया। लोगों ने उसके बेटे को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

# साइबर ठगी में विदेशी नागरिक काबू

*आरोपियों से 24 एटीएम कार्ड, 13 पासबुक, 17 चेकबुक, 16 मोबाइल फोन, 2 आधार कार्ड, 2 डॉयरी, 1 लेपटॉप बरामद*

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

थाना साइबर क्राइम प्रभारी अजय की टीम ने साइबर ठगों को बैंक खाते व नकदी निकालकर देने वाले नाइजीरियन सहित दो आरोपियों अजाब हुसैन पुत्र मजिबुल्लाह निवासी डुहवा बस्ती बिहार हाल दिल्ली व मोसा बांबा मूल निवासी नाइजीरिया, अफ्रीका महाद्वीप हाल



निवासी दिल्ली का तिलक नगर को उनके निवास स्थानों से गिरफ्तार किया है। साइबर ठगों ने पानीपत के टीडीआई सेक्टर 23 निवासी प्रेम कुमार से सामान एक्सपोर्ट का बिजनेस शुरू कराने के नाम पर 4 लाख 5 हजार की ठगी की थी। थाना साइबर क्राइम में प्रेम कुमार की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। दोनों आरोपियों के कब्जे से विभिन्न बैंकों के 24 एटीएम कार्ड, 13 पासबुक, 17 चेकबुक, 16 मोबाइल फोन, 2 आधार कार्ड, 2 डॉयरी, 1 लेपटॉप व 6 हजार रुपये की नकदी बरामद हुई है।

## विज ने राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को जल्द पूरा करने के दिए निर्देश

# दिसंबर तक अंबाला-शामली एक्सप्रेस-वे होगा तैयार

*ऊर्जा मंत्री ने जांची प्रगति, बोले-अंबाला के चारों ओर बिछेगा हाईवे का जाल*

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को यहां चल रही राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को जल्द पूरा करने के दिशा-निर्देश दिए जिससे



**अंबाला।** एनएचएआई के अधिकारियों से बातचीत करते मंत्री अनिल विज।

लोगों को लाभ मिल सके। इस वर्ष दिसंबर माह तक रिंग रोड और अंबाला-शामली एक्सप्रेस-वे परियोजना को पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। तय समय में यह परियोजनाएं पूरी हों इसके लिए मंत्री विज ने आज अपने आवास पर एनएचएआई अधिकारियों से चर्चा की। एनएचएआई के परियोजना निदेशक पीके सिन्हा व अन्य अधिकारियों से विज ने कहा कि अंबाला रिंग रोड का निर्माण जल्द पूरा किया जाए ताकि यहां अन्य राज्यों से आने वाले वाहन चालकों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि रिंग रोड बनने से अन्य राज्यों से आने वाले वाहन अम्बाला में दाखिल हुए बिना बाहर से बाहर आगे निकल सकेंगे जिससे शहरी क्षेत्र में ट्रैफिक का दबाव कम होगा। परियोजना को लेकर अधिकारियों से चर्चा की। रिंग रोड में शाहपुर व बाड़ा गांव में पानी निकासी की समस्या व गांव सपेहड़ा के लोगों को रिंग रोड के लिए रास्ता उपलब्ध कराने पर भी विस्तृत चर्चा की।

## मौसम | सूरज के दर्शन नहीं हुए, लोगों का जन जीवन प्रभावित

*ठंड बढ़ने से जिले के तापमान में आई गिरावट*

# घना कोहरा छाने और शीतलहर चलने से नए साल के दूसरे दिन भी ठंड से नहीं मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिले में ठंड का प्रकोप कम नहीं हो रहा है। पिछले कई दिन से रोजाना सुबह के वक्त घना कोहरा छाए रहने और दिन भर शीतलहर चलने से मौसम में हाड गलाने वाली ठंड बढ़ रही है। कंपकंपाती ठंड की वजह से जहां लोग दिन भर घरों में दुबके रहते हैं, वहीं, कामकाजी लोगों के लिए परेशानियां बढ़ रही हैं। आलम यह है कि नए साल के दूसरे दिन शुक्रवार को भी मौसम में ठंड बढ़ने से दोपहर तक लोग घरों में दुबके रहे। वहीं, जिले के तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

नए साल के दूसरे दिन शुक्रवार सुबह के वक्त जिले में घना कोहरा छाए रहने के साथ शीतलहर चलने





**यमुनानगर।** शुक्रवार को सुबह के वक्त घने कोहरे के बीच सड़कों पर रेंगते वाहन व अलाव जलाकर आग सेंकते हुए लोग।

और आसमान में धुंध के बादल छाए रहने से लोगों की कंपकपी छुट गई। आलम यह रहा कि बुजुर्ग और बच्चे दोपहर तक घरों में दुबकने को मजबूर हो गए। दोपहर के वक्त कुछ देर के लिए हल्की धूप निकली और मौसम में कुछ गर्माहट आई। जिसके बाद बुजुर्ग व बच्चे घरों से बाहर निकले। खास बात यह रही कि स्कूलों की छुट्टियां होने की वजह से शुक्रवार को बच्चों को सुबह के वक्त जल्दी नहीं उठना पड़ा और वह घरों में ही गर्म कपड़ों में बैठे रहे। शुक्रवार को सुबह के वक्त आसमान से घने कोहरे की बूंदे औस के रुप में टपकती रही। सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी रही।

### गेहूं के लिए कड़ाके की ठंड लाभदायक

किसान महेंद्र कुमार, सुनील कुमार, विरेंद्र, प्रदीप कुमार, जय सिंह, पवन कुमार व सुरेश कुमार आदि ने बताया कि आजकल मौसम में जितनी ज्यादा ठंड बढ़ेगी उतना ही गेहूं की फसल को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि मौसम में अधिक ठंड होने से गेहूं की फसल में ग्रोथ बढ़ेगी और पैदावार अच्छी होगी।

### न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

जिले में शुक्रवार को मौसम में अधिक ठंड बढ़ने से जिले का न्यूनतम तापमान घटकर 7 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रह गया।

# नौकरी दिलवाने का झांसा देकर व्यक्ति ने महिला के साथ किया रेप

*आरोपी महिला व व्यक्ति के खिलाफ की जीरो एफआईआर दर्ज*

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

रेलवे में नौकरी दिलवाने का झांसा देकर शहर जगाधरी की महिला से धोखाधड़ी व दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि दुष्कर्म के बाद महिला गर्भवती हो गई। आरोपी ने बच्चे को अपनाने का वायदा किया मगर बच्चे के जन्म के बाद आरोपी ने बाद में उसे अपनाने से मना कर दिया और खर्च देना बंद कर दिया। शहर जगाधरी पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी व्यक्ति व एक महिला के खिलाफ जीरो एफआईआर दर्ज कर केस को इंदौर पुलिस को ट्रांसफर कर दिया।

जगाधरी की एक कॉलोनी निवासी 34 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शादीशुदा है। उसके पास तीन बच्चे एक लड़की और दो लड़के हैं। महिला ने बताया कि उसका ससुर भारतीय रेलवे में तैनात था और आरोपी विनीता जैसवाल भी रेलवे में नौकरी करती थी। जिसके कारण उसका विनीता के साथ जान पहचान थी। पीड़िता ने बताया कि उसका अपने पति के साथ झगड़ा रहता था। जिस करण उसके पति ने उसे घर से निकाल दिया। इसके बाद विनीता ने उसे विश्वास दिलवाया कि उसका रेलवे में उच्चाधिकारियों के साथ जान पहचान है। वह उसे रेलवे में नौकरी दिलवा देगी। इसके बाद विनीता ने उसे इंदौर की रेलवे कॉलोनी निवासी मुकेश जैसवाल से मिलवाया। जहां विनीता पहले से मौजूद थी। विनीता उनके लिए चाय लेकर आई। जिसे पीते ही वह बेहोश हो गई। जब उसे होश आया तो उसने खुद को निर्वस्त्र पाया। इसके बाद भी आरोपी उसके साथ संबंध बनाता रहा। जिससे वह गर्भवती हो गई।

## खबर संक्षेप

### केयू: दाखिले के लिए आवेदन आमंत्रित

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निदेशानुसार दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र द्वारा यूजी, पीजी, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट में जुलाई 2026 हेतु दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए है। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि केयू द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति को विवि में लागू करने के उपलक्ष्य में हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद, पंचकूला द्वारा हाल ही में राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्रियान्वयन उत्कृष्टता सम्मान 2025 में अति उत्तम श्रेणी में रखते हुये प्लेटेनियम अवार्ड से सम्मानित किया गया है जो कुवि के लिए बड़े गर्व का विषय है।

### शीशम के 20 पेड़ काट कर चुराने वाले दो धरे

**यमुनानगर।** छछरौली थाना प्रबंधक रोहतास सिंह ने बताया कि बीडीपीओ कार्तिक चौहान ने पुलिस को शिकायत देकर बताया था कि गांव मानकपुर निवासी राहुल व शौकीन ने गांव के श्माशान घाट में खड़े शीशम के 20 पेड़ काटकर चोरी कर लिए हैं। जिनकी कीमत करीब तीन लाख रुपये है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया था। पुलिस टीम ने जब पिकअप को रोककर चैक किया तो उसमे शीशम के पेड़ों के टूकड़े भरे हुए थे। आरोपी पुलिस के सवालों को जवाब नहीं दे सके। आरोपियों की पहचान राहुल व शौकीन के रूप में हुई।

### पत्थरबाजी पर दो आरोपी नामजद, अन्य पर केस

**यमुनानगर।** शहर की राजा राम कॉलोनी निवासी जसप्रीत सिंह ने कहासुनी होने पर अभिषेक दुग्गल व मनोज गुज्जर उर्फ मोदा पर अपने 8-10 अन्य साथियों के साथ मिलकर उसके ऑफिस व घर पर पत्थरबाजी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों को नामजद करते हुए 8-10 अन्य युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जसप्रीत सिंह ने हुड्डा सेक्टर-17 पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका 31 दिसंबर को अभिषेक दुग्गल व मनोज गुज्जर के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया।

### दो कारों की टक्कर से युवक की मौत

**पानीपत।** पानीपत में जीटी रोड पर गांव गांजबड के पास सिंग एंड स्विंग होटल के सामने सडक पार कर रहे युवक को कार ने टक्कर मार दी, इससे पहले युवक संभल पता पीछे से आ रही दूसरी कार के नीचे वह कुचला गया। वहीं, घायल युवक को नीरज निवासी विद्यानंद कालोनी, पानीपत सिविल अस्पताल ले गया। जहां मेडिकल जांच के बाद चिकित्सकों ने नीरज का मृत घोषित कर दिया। इधर, थाना सदर पुलिस के एसआई रमेश ने बताया कि मृतक की शिनाख्त नहीं हुई है और नीरज की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालकों के पर के दर्ज कर किया गया है। पुलिस मृतक की शिनाख्त के प्रयास कर रही है।



### आरोपी गिरफ्तार, चोरी की बाइक बरामद

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने बाड़ी माजरा पुल के पास एक बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरी की बाइक बरामद की है। आरोपी चोरी की बाइक को उत्तर प्रदेश बेचने के लिए लेकर जा रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## समस्या समाधान शिविर और सीएम विंडो की शिकायतों को लेकर समीक्षा बैठक

# सभी विभाग अपने विभागों से संबंधित लोगों की समस्याएं शून्य करें: उपायुक्त

*उपायुक्त प्रीति ने की बैठक की अध्यक्षता*

- अधिकारियों को दिए नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के निर्देश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

समस्या समाधान शिविर व सीएम विंडो पर आने वाली शिकायतों को लेकर शुक्रवार को जिला सचिवालय में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त प्रीति ने बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने अधिकारियों को समस्या समाधान शिविरों में आने वाली समस्याओं का शीघ्रता से समाधान करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त प्रीति ने कहा कि समाधान शिविरों में जो भी शिकायतें आती हैं। उनका प्राथमिकता के आधार पर अधिकारी शीघ्रता से समाधान करें। उन्होंने पब्लिक हेल्थ, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), सिंचाई विभाग, जिला कल्याण अधिकारी, नगर निगम यमुनानगर जगाधरी, बिजली विभाग, क्रीड, स्वास्थ्य विभाग, जिला विकास एवं पंचायत विभाग, जिला समाज कल्याण विभाग, पशुपालन विभाग, जिला राजस्व विभाग, मार्केट कमेटी, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, जिला परिषद व शिक्षा विभाग सहित अन्य सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन जिन विभागों की समाधान शिविर से संबंधित जो भी शिकायतें हैं उनका जल्द से जल्द निवारण करें। ताकि उचित पात्रों को हरियाणा सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि समाधान, जन संवाद को स्वयं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रिव्यू करते हैं। इसलिए सभी विभाग अपने अपने विभागों से संबंधित लोगों की समस्याएं शून्य कर लें। उपायुक्त प्रीति ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभागाध्यक्ष बैठक में स्वयं पहुंचना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि नागरिकों की जरूरी और बुनियादी सुविधाएं त्वरित उपलब्ध करवाई जाएं और समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाए। ताकि समस्याओं की संख्या में कमी आए।




**यमुनानगर।** यमुनानगर के जिला सचिवालय में आयोजित अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए उपायुक्त प्रीति।

### बैठक में ये रहे मौजूद

मौके पर पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल, नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद,अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, अंडर ट्रेनिंग आईएएस सुमन यादव, जगाधरी के एसडीएम विश्वनाथ, व्यासपुर के एसडीएम जसपाल सिंह गिल, रादौर के एसडीएम नरेन्द्र कुमार, छछरौली के एसडीएम रोहित कुमार, नगरधीश पीयूष गुप्ता व डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## भाजपा नेता ने गांव का दौरा कर सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं


**यमुनानगर।** यमुनानगर कस्बा रादौर के गांव टोपरा खुर्द में गांव का दौरा करते भाजपा नेता नेपाल राणा। फोटो : हरिभूमि

**रादौर।** कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा के बेटे वरिष्ठ भाजपा नेता नेपाल सिंह राणा ने शुक्रवार को गांव टोपरा खुर्द का दौरा किया। दौरे के दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को और उनका शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। इस दौरान राणा ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर क्षेत्र के विकास कार्यों बारे चर्चा की। आत्मनिर्भर भारत अभियान पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि हर गाँव और हर व्यक्ति आत्मनिर्भर बने, तभी बनेगा सशक्त आत्मनिर्भर भारत। सैर के दौरान हरनौल राजकीय विद्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर पौधारोपण कर नेपाल सिंह राणा ने उनके विचारों को नमन किया तथा बच्चों को संबोधित किया। वरिष्ठ भाजपा नेता नेपाल सिंह राणा ने इस दौरान एक देश एक चुनाव विषय पर भी चर्चा की। जिसमें सभी ने अपनी सहमति जताई। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं व आमजन के साथ संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत देश व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश उन्नति पथ पर अग्रसर है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा लगातार जनहित के फैसले लिए जा रहे हैं जिससे हरियाणा के नागरिकों में उत्साह का माहौल है। पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत बनाया जा रहा है। बुढ़ापा पैंशन, लाडो लक्ष्मी योजनाए किसान सम्मान निधि से लाखों लोग लाभान्वित हो रहे हैं।


**यमुनानगर।** यमुनानगर कस्बा रादौर के गांव पोटली में जानकारी देते भाकियू जिला प्रधान सुभाष गुर्जर व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# अब नहीं होगी प्रशासन से बात आर-पार की लड़ाई : गुर्जर

*रास्ते की मांग को लेकर 4 महीने से धरने पर बैठे हैं किसान*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर**

गांव पोटली में रास्ते की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन पिछल्ले 4 महीने से धरना प्रदशन कर रही है। इस दौरान किसान यूनियन के नेताओं की प्रशासन के साथ कई बैठकें भी हो चुकी है। बैठकों में किसानों को आश्वासन ही मिल रहा है। शुक्रवार को धरना स्थल पर भाकियू जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर पहुंचे । उन्होंने किसानों से बातचीत की।

सुभाष गुर्जर ने कहा कि पोटली गांव में धरने को चले लगभग 4 महीने हो गए हैं। लेकिन प्रशासन द्वारा आश्वासन ही दिया जा रहा है। उन्होंने किसानों से बातचीत करते हुए कहा कि अब वे प्रशासन से कोई बात नहीं करेंगे। किसान अब 12 जनवरी को आर पार की लड़ाई लड़ेंगे। गुर्जर ने कहा कि अब किसान खुद रास्ता बनायेंगे। उन्होंने कहा कि 5 जनवरी को जींद मे भारतीय किसान यूनियन की बैठक प्रदेश अध्यक्ष रतनमान की अध्यक्षता में होगी। जिसमें पूरे प्रदेश के पदाधिकारी शामिल होंगे। किसान सर्दी व गर्मी की परवाह न करते हुए वहां पर डटे रहे। ऐसे ही आज पोटली गांव में भी लगभग 4 महीने हो गए गर्मी से सर्दी आ गई और किसान अपने हक के लड़ाई लडने के लिए किसी कीमत पर पीछे नही हटेगे। 12 जनवरी को सभी किसान धरना स्थल पर अपनी कस्सियां लेकर पहुंचेंगे।

### पीछे नहीं हटेंगे

उन्होंने कहा कि हाईवे के अधिकारी प्रशासन को गुमराह कर रहे हैं और अब प्रशासन से भी कोई बात नहीं होगी। अगर बात हुई तो अंबाला-शामली हाईवे पर धरनास्थल पर ही होगी। किसान अपना रास्ता खुद बनाएंगे चाहे प्रशासन लाठियां और डंडा चलाएं। किसी कीमत पर पीछे नहीं हटेंगे और हर कुर्बानी देने के लिए तैयार रहेंगे। इस अवसर पर यादविंदर कंबोज जयपुर, महेंद्र चमरोडी, पवन गोयल दामला, सतपाल सैनी, रोशन लाल सैनी, हाकम सिंह, धर्मपाल, जगदीश, श्याम सिंह धनौरा, कर्मवीर बरहेडी, धर्मवीर अमलोहा, यशपाल, विशाल जागीर सिंह, बलजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## साइबर ठगी से बचने के लिए आमजन रहे सावधान: गोयल

- जिला पुलिस अधीक्षक ने आमजन को साइबर ठगों से बचाव को लेकर जारी की एडवाइजरी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

सोशल मीडिया और मैसेजिंग ऐप्स अब साइबर ठगों के सबसे पसंदीदा हथियार बनते जा रहे हैं। एक क्लिक में कमाई का सपना दिखाकर ठग लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। जिले में साइबर अपराध के बढ़ते मामलों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण साइबर एडवाइजरी जारी करते हुए नागरिकों को साइबर ठगों से बचने के लिए सतर्क रहने के लिए आहवान किया।

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए बताया कि साइबर अपराधी खुद को बैंक अधिकारी, तकनीकी सहयोगी, कस्टमर केयर एजेंट या फिर जान पहचान का व्यक्ति बताकर पहले भरोसे में लेते हैं। इसके बाद लोन ऐप, गेम या इनाम के नाम पर एक फाइल भेजी जाती है। जिसे डाउनलोड करते ही ठगों को पीड़ति के मोबाइल की पूरी पहुंच मिल जाती है। जिसके माध्यम से एंड्रॉइड डिवाइस में ऐप्स इंस्टॉल किए जाते हैं। लेकिन जब यह फाइल किसी अज्ञात या संदिग्ध स्रोत से आती है तो उसमें छिपा मैलवेयर (वायरस) मोबाइल में घुसकर संवेदनशील जानकारी चुरा लेता है।

यह वायरस मोबाइल के कैमराए माइक्रोफोन, गैलरी, कॉन्टेक्ट लिस्ट, बैंक ऐप्स की जानकारी एक्सेस कर लेता है। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि कई मामलों में साइबर ठग पीड़ति के मोबाइल का रिमोट एक्सेस भी हासिल कर लेते हैं और लाइव निगरानी करते हुए खाते से रकम ट्रांसफर कर देते हैं। अक्सर पीड़ति को तब तक भनक नहीं लगती जब तक उनके खाते से लाखों रुपये साफ नहीं हो जाते। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि हाल ही में राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं।


**यमुनानगर।** यमुनानगर में अपने कार्यालय में साइबर ठगों से बचाव को लेकर जारी की गई एडवाइजरी की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल।

### सावधानियां बरतें

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल द्वारा जारी एडवाइजरी में नागरिकों को विभिन्न सुझाव दिए गए हैं। जिनमें किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा भेजी गई फाइल को डाउनलोड या इंस्टॉल न करें। वहीं, ऐप्स केवल गूगल प्ले स्टोर या आधिकारिक वेबसाइट्स से ही डाउनलोड करें। इसके अलावा बैंकिंग, लोन या फाइनेंस से जुड़ी जानकारी के लिए केवल सरकारी या अधिकृत ऐप्स का ही इस्तेमाल करें। साइबर ठगी होने पर तुरंत पोर्टल पर शिकायत करें या हेल्पलाइन 1930 पर फोन करें।

# लोग सर्दी में ठंड से अपना और पशुओं का करें बचाव : डीसी

- उपायुक्त प्रीति ने सर्दी के मौसम में पशुओं को ठंड से बचाने के लिए सरकार द्वारा एडवाइजरी करने की दी जानकारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

मौसम में दिनों दिन बढ़ रही अधिक ठंड व धुंध के कारण हरियाणा सरकार ने जनता व पशुओं को सर्दी व शीतलहर से बचाव को लेकर विशेष एडवाइजरी जारी की है। उपायुक्त प्रीति ने नागरिकों से अपने पशुओं व अपने आप को शीतलहर और ठंड से बचाव के लिए सरकार द्वारा जारी की गई एडवाइजरी की पूर्ण रूप से पालना करते हुए सावधानी बरतने की अपील की है।

उपायुक्त प्रीति ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए बताया कि आमजन सावधानी बरतकर सर्दी से अपना व अपने पशुओं का बचाव कर सकते हैं। सर्दी से बचाव के लिए आमजन अपने पास पर्याप्त कपड़ों का स्टॉक करें। घर में ठंडी हवा का प्रवेश रोकने के लिए दरवाजों तथा खिड़कियों को ठीक से बंद रखें। जितना संभव हो सके घर के अंदर रहें और ठंडी हवाए बारिशए धुंध आदि के संपर्क में आने से बचने के लिए कम से कम यात्रा करें। गीले कपड़े तुरंत बदलें। हाथों में दस्ताने रखें। फेफड़ों को बचाने के लिए मास्क का प्रयोग करें। डीसी ने बताया कि सिर पर टोपी या मफलर पहनेए स्वास्थ्य वर्धक भोजन लें। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार पर्याप्त रोग प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने के लिए विटामिन सी से भरपूर फल और सब्जियां खाएं। गर्म तरल पदार्थ नियमित रूप से पीएंए इससे ठंड से लड़ने के लिए शरीर की गर्मी बनी रहेगी। शराब का सेवन न करेंए यह शरीर के तापमान को कम करता है। बुजुर्ग लोगोंए नवजात शिशुओं तथा बच्चों का विशेष ध्यान रखें। जरूरत के अनुसार ही रूम हीटर का प्रयोग करें तथा रूम हीटर के प्रयोग के दौरान पर्याप्त हवा निकासी का प्रबंध रखें। उन्होंने कहा कि शीतघात से बचने के लिए मौसम पूर्वानुमान के लिए रेडियो, टीवी,समाचार पत्र जैसे सभी मीडिया प्रकाशन का ध्यान रखें । ताकि यह पता चल सके कि आगामी दिनों में शीतलहर की संभावना है या नहीं।


**यमुनानगर।** यमुनानगर में अपने कार्यालय में सरकार द्वारा जारी एडवाइजरी की जानकारी देते हुए उपायुक्त प्रीति। *फोटो : हरिभूमि*

### कोहरे में ओवरटेक करने से बचें

उपायुक्त प्रीति ने वाहन चालकों को आहवान किया कि सर्दी के मौसम में घने कोहरे के दौरान विशेषकर सुबह और रात के समय कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम हो जाती है। ऐसे में वाहन चालकों को सीमित गति में अपनी निर्धारित लेन में रहकर और यातायात नियमों का पूरी तरह पालन करते हुए वाहन चलाना चाहिए। ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके और नागरिक सुरक्षित यात्रा कर सकें। उन्होंने वाहन चालकों से धुंध के मौसम में गलत दिशा में वाहन न चलाएं और धुंध के समय जहां तक संभव हो ओवरटेक करने से बचने की अपील की।

### बंद कमरों में ना जलाएं कोयला

उपायुक्त प्रीति ने जिलेवासियों को हिदायत दी कि बंद कमरों में कोयले को जलाना खतरनाक हो सकता है। उन्होंने बताया कि शीतलहर के दौरान पशुओं और पशुधन को जीवन यापन के लिए अधिक भोजन की आवश्यकता होती है। क्योंकि ऊर्जा की आवश्यकता बढ़ जाती है। रात के समय पशुओं के आवास को सभी तरफ से ढक दें। ताकि ठंडी हवाओं के सीधे संपर्क में आने से बचा जा सके।

### पशुओं को ठंड में खुले में ना छोड़ें

उपायुक्त प्रीति ने कहा कि शीत लहर के दौरान पशुओं को खुले क्षेत्र में न छोड़ें। पशुओं को ठंडा चारा और ठंडा पानी देने से बचें। पशु आश्रय में नमी और धुएं को नहीं रहने दें। वहीं आपातकालीन स्थिति में हेल्पलाइन नंबर 112 पर फोन कर सहायता लें।

# पॉलिथीन का प्रयोग पर्यावरण व स्वास्थ्य के लिए घातक : कुमार

*छापामारी के दौरान बरामद किए 120 किलोग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व नगर निगम यमुनानगर की संयुक्त टीम द्वारा गांव तेजली में सिंगल यूज प्लास्टिक के एक स्टॉकिस्ट पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान करीब 120 किलोग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग बरामद किए गए। नियमों के अनुसार संबंधित स्टॉकिस्ट का 25 हजार रुपये चालान किया गया।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड यमुनानगर के क्षेत्रीय अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि प्लास्टिक का अत्यधिक प्रयोग पर्यावरण के साथ साथ मानव स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा है। उन्होंने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक नालियों में फंसकर जलभराव की समस्या पैदा करता है। जिससे बरसात के मौसम में शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित होती है। इसके अलावा प्लास्टिक कचरा पशु पक्षियों के लिए भी जानलेवा साबित होता है। क्षेत्रीय अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि पॉलिथीन के बैग आम आदमी के लिए प्रयोग में इतने सुविधा जनक हैं कि उन्हें छोड़ पाना कठिन लगता है । पॉलीथिन बैगों के प्रयोग को छोड़ने के लिए इसके विकल्पों की और भी ध्यान देना जरूरी है। क्योंकि पॉलीथिन का प्रयोग न केवल पर्यावरण के लिए अपितु मानव स्वास्थ्य के लिए भी घातक सिद्ध हो रहा है।

उन्होंने कहा कि पॉलिथीन के छोटे बड़े बैग नालियों एवं नालों में फंस कर पानी अवरुद्ध करते हैं। जिससे मक्खी, मच्छर व कीटाणु पैदा होने से अनेकों बीमारियां जन्म लेती हैं। इसलिए सभी लोगों को पॉलीथिन का प्रयोग पूर्णतः बंद कर देना चाहिए। अधिकारियों द्वारा आमजन से अपील की गई कि वे सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें। इसके उपयोग या भंडारण में संलिप्त पाए जाने वालों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


**यमुनानगर।** यमुनानगर के तेजली में छापामारी के दौरान मिले प्लास्टिक के कैरी बैग के मामले में चालान करते हुए छापामारी टीम के सदस्य।

# सत्र न्यायाधीश ने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं

*जिला बार एसोसिएशन जगाधरी ने बार भवन में करवाया कार्यक्रम*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

जिला बार एसोसिएशन जगाधरी द्वारा शुक्रवार को बार भवन में नववर्ष 2026 के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश चंदर डिमरी ने भाग लिया। वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रुप में उपभोक्ता अआयोग के अध्यक्ष राजबीर सिंह मौजूद रहे। जबकि अध्यक्षता जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट विक्रांत सिंह चौहान ने की। मौके पर जिला न्यायालय के अन्य न्यायाधीश भी मौजूद रहे। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन के प्रधान विक्रांत सिंह चौहान ने अन्य एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ मुख्यातिथि का पुष्प गुच्छा भेंटकर स्वागत किया। मुख्यातिथि के रुप में जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश चंदर डिमरी ने सभी को नववर्ष 2026 की शुभकामनाएं दी। उन्होंने बार सदस्यों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने नुतन वर्ष सभी के लिए मंगलमय रहने की कामना की। नव वर्ष सभी के मौके पर एसोसिएशन के प्रधान विक्रांत सिंह चौहान ने ईश्वर से यह नववर्ष सभी के लिए मंगलकारी सिद्ध होने तथा सुख समृद्धि एवं खुशियों भरा होने की कामना की। इस अवसर पर एसोसिएशन के उपप्रधान सोनिया रोहिल्ला, सहसचिव शुभम गौतम, कोषाध्यक्ष शुभम पाल, ओम सिंह डांढा, रामकुमार रादौरी, केडी बक्शी, श्याम चंद गर्ग आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** यमुनानगर के बार भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश चंदर डिमरी को पुष्प गुच्छा भेंट कर सम्मानित व स्वागत करते हुए बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विक्रांत चौहान व अन्य सदस्य।

# नाले की टूटी स्लैब बन रही है दुर्घटनाओं का कारण

*स्थानीय लोगों का आरोप कई बार कर चुके हैं नपा कर्मचारियों से शिकायत*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर**

रामा नर्सिंग होम रादौर के पास बने नाले की स्लैब काफी समय से टूटी पड़ी है। टूटी स्लैप के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों ने कई बार इसकी शिकायत नगपालिका में कर चुके है। लेकिन आज तक भी टूटी स्लैप की ओर नगरपालिका कर्मचारियों का कोई ध्यान नहीं है। स्थानीय निवासी रामकुमार, सुरेश चंद, अरविंद, शीशपाल, कैलाश, सतनाम सिंह, श्याम लाल आदि ने बताया कि रामा नर्सिंग होम के पास बने गंदे पानी के नाले की स्लैप टूटी होने के कारण कई लोग हादसो का शिकार हो चुके है। उनका कहना है कि रात के समय कोई भी टूटी स्लैप के कारण दुर्घटना का शिकार हो सकता है। उनकी मांग है कि टूटी स्लैप का जल्द से जल्द निर्माण करवाया जाये। इस बारे नपा के जेई कपिल कांबोज ने बताया कि नाले की टूटी स्लैब को जल्द ठीक करवा दिया जायेगा।


**यमुनानगर।** कस्बा रादौर के रामा नर्सिंग होम के पास बने नाले की टूटी स्लैब।

## जाहरवीर सेवा समिति ने करवाया जागरण

# धार्मिक आयोजन हमारी सभ्यता के प्रतीक: राणा

- कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के बेटे एवं वरिष्ठ भाजपा नेता नेपाल राणा ने जागरण का ज्योति प्रज्जवलित करके किया शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर**

जाहरवीर सेवा समिति के तत्वावधान में रादौर स्थित प्राचीन जाहरवीर गोगा माडी पर दसवें जागरण व भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के बेटे नेपाल राणा ने मुख्यातिथि के रुप में किया। जबकि अध्यक्षता नगरपालिका चेयरमैन रजनीश मेहता शालु ने की।


**यमुनानगर।** के रादौर की प्राचीन गोगा माड़ी पर आयोजित जागरण का ज्योति प्रज्जवलित करके शुभारंभ करते हुए मुख्यातिथि नेपाल राणा व अन्य।

### जाहरवीर गोगा जी की महिमा का गुणगान किया

भजन गायक विशाल नाथ एंड पार्टी ने जागरण में अपने भजनों के माध्यम से जाहरवीर गोगा जी की महिमा का गुणगान किया। कार्यक्रम में आए श्रद्धालु जाहरवीर गोगा जी के जागरण में भजनों पर जमकर झुमते रहे। जागरण के समापन पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। मुख्यातिथि एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नेपाल राणा ने कहा कि धार्मिक आयोजन हमारी प्राचीन सभ्यता का प्रतीक हैं। धार्मिक आयोजन के माध्यम से हम समाज को बुराइयां छोड़कर अच्छाइयों के मार्ग पर चलने का संदेश दे सकते हैं। हमारे महापुरूषों ने भी हमे अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने का संदेश दिया है। इस अवसर पर समिति के प्रधान कुलविन्द्र, उप प्रधान राजेश पाल, महासचिव राजीव सैनी,सचिव कृष्ण सैनी, प्रवीन सैनी (काला) रविंद्र, सुमित सैनी, प्रकाश वर्मा (प्रिंस), पुलकित गोयल, मोनू कश्यप, रिंकू सेतिया व तिलक सैनी अआदि मौजद रहे।

## खबर संक्षेप

### गुदगुदी जंक्शन द्वारा श्रीहरिनाम संकीर्तन कल

**कुरुक्षेत्र।** सामाजिक संगठन गुदगुदी जंक्शन समूह के धार्मिक ग्रुप भक्ति सागर के तत्वावधान में श्री हरिनाम संकीर्तन 4 जनवरी को होगा। भक्ति सागर प्रभारी शम्मी गेरा ने बताया कि नववर्ष 2026 के कार्यक्रमों का शुभारंभ जनवरी माह से भजन कीर्तन द्वारा किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में श्रीराष्ट्रीय संत सुरक्षा परिषद,(उत्तर भारत)के उपाध्यक्ष महंत विशाल दास महाराज के सान्निध्य में दर्रा खेड़ा थानेसर स्थित ठाकुरद्वारा श्रीनाभिकमल मंदिर में श्री हरिनाम संकीर्तन का आयोजन रविवार,4 जनवरी को सांय 4 से 6 बजे तक किया जाएगा।

### छात्रों को समाज सेवा के लिए किया जागरूक

**कुरुक्षेत्र।** श्रीमद्भगवद्गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरूक्षेत्र में आयोजित एन एस एस शिविर के तीसरे दिन की शुरूआत प्रातःकालीन योगासन एवं प्रार्थना के साथ की गई। विद्यार्थियों ने पूर्ण अनुशासन, उत्साह एवं एकाग्रता के साथ योगाभ्यास कर स्वयं को दिनभर की गतिविधियों के लिए मानसिक एवं शारीरिक रूप से तैयार किया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता पूर्व छात्र एवं एनएसएस वालंटियर वंश जेसवाल एवं युवराज थे। वंश जेसवाल ने विद्यार्थियों को गायत्री मंत्र के अर्थ से अपनी बात की शुरूआत की।

### नशा तस्करी में फरार आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी पर शिकंजा कसते हुए नशीला पदार्थ रखने के मामले के फारार चल रहे आरोपी मंजीत सिंह उर्फ सोनी वासी कराह साहब जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 29 जुलाई को अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम 152-डी पर पेहवा कुरुक्षेत्र रोड पर नाकाबंदी करके तीन गाड़ियों को काबू किया था। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से करीब 30 लाख रुपए कीमत का 5 किवंटल 44 किलोग्राम डोडा/चूरापोस्त बरामद हआ था। आरोपियों की पहचान देवेन्द्र सिंह उर्फ बाबा वासी कांगथला जिला पटियाला,मनजोत सिंह उर्फ मन्ना वासी मखभूलपुर जिला पटियाला, देवेन्द्र सिंह उर्फ बंटी वासी पटियाला व परगट सिंह उर्फ मन्नी वासी कुपिया प्लाट पेहवा के रूप में हुई थी।

### सिर कटे दिव्यांग के शव की नहीं हुई शिनाख्त

**कुरुक्षेत्र।** केशव पार्क से बरामद सिर कटे दिव्यांग के शव की पहचान नहीं हो सकी है। इस ब्लाइंड मर्डर मिस्ट्री को ट्रैस करने के लिए पुलिस की 7 टीम लगी हैं। ये सभी टीम अलग-अलग काम कर रही हैं। पार्क में स्टेज के पीछे पड़े सिर कटे शव को सबसे पहले प्रभजोत सिंह निवासी कल्याणा ने देखा। प्रभजोत पार्क के साथ ही गुरुद्वारा छठी पातशाही कुरुक्षेत्र में रागी सिंह की नौकरी करते हैं। प्रभजोत सिंह 30 दिसंबर सुबह करीब 8 बजे गुरुद्वारा साहिब में अपनी ड्यूटी करने के बाद पार्क में टहल रहे थे। इस दौरान स्टेज के पीछे उनको डैड बॉडी दिखाई दी, जिसका सिर उसके धड़ से गायब था। बॉडी खून से लथपथ पड़ी थी। उन्होंने तुरंत डायल-112 पर फोन करके पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उनके बयान पर मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को घटनास्थल के पास से खून से सना चाकू भी बरामद हुआ है। पुलिस जांच के मुताबिक, घटनास्थल पर ही हत्या की गई है, क्योंकि मौके पर काफी खून बिखरा हुआ था।

---

### एचकेआरएन से जोड़ने की मांग को लेकर थीम पार्क में धरने पर बैठे है कर्मचारी

# पीजीआई रोहतक के अनुबंध कर्मियों ने अर्धनग्न होकर किया रोष-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** हाथों में बेड़ियां डालकर प्रदर्शन करते रोहतक पीजीआई के अनुबंध कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

पिछले सात महीने से हड़ताल पर चल रहे रोहतक पीजीआई के अनुबंध कर्मचारियों ने शुक्रवार को हाथों में बेड़ियां डालकर अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया। रोहतक पीजीआई के वीसी के पुतले को लेकर थीम पार्क से नारेबाजी करते हुए निकले कर्मचारियों ने सरकार द्वारा अनदेखी किए जाने पर भारी रोष व्यक्त किया। कड़ाके की ठंड में कर्मचारियों को अर्धनग्न देख राहगीर भी हैरानी में पड़ गए। हरियाणा कौशल रोजगार निगम से जोड़े जाने की मांग को लेकर कर्मचारी आंदोलन कर रहे हैं। अनुबंध कर्मचारी हेल्थकेयर रोहतक एसोसिएशन के बैनर तले 1271 कर्मचारी जून महीने से हड़ताल पर हैं। कर्मचारियों ने अर्धनग्न होकर लघु सचिवालय तक पैदल रोष मार्च निकाला। कर्मचारियों ने हाथों में बेड़िया डाली हुई थी, कर्मचारियों का कहना है कि वे गुलामी का जीवन जी रहे है। कहा कि अधिकारियों ने उन्हें गुमराह करने का काम किया है। लघु सचिवालय के बाहर कर्मचारियों ने रोहतक पीजीआई के वीसी का पुतला फूंककर अपना रोष जताया। प्रदर्शनकारी और धरनारत कर्मचारियों में अभिषेक प्रधान, महेश महासचिव, सुरेंद्र, संजय, अनुज, संदीप, सुमित्रा, ईश्वंती, अमित, निशा, सीमा, सुनीता, अनिता, अंजू, सुमन, सुनीता, मनीष तथा किसान नेता गुरजंट सिंह खालसा शामिल रहे। प्रधान अभिषेक ने कहा कि 9 जनवरी को उपायुक्त कार्यालय समक्ष हाथों पर बेड़ियां डालकर अर्धनग्न होकर प्रदर्शन करेंगे। प्रधान अभिषेक ने कहा कि रोहतक पीजीआई के 1271 अनुबंध कर्मचारी जून से हड़ताल पर हैं। दो महीने करनाल में भी जिला सचिवालय के सामने धरना दिया गया। अब कुरुक्षेत्र में सीएम सिटी में धरनारत है। केवल झूठे आश्वासन हीं अधिकारियों से मिले हैं।

#### एसोसिएशन ने जताया आक्रोश

एसोसिएशन का कहना है कि सरकार ने कर्मचारियों को ठेकेदार के गुलाम बना कर रख दिया है। सरकार स्वयं एक ठेकेदार की तरह काम कर रही है। एसोसिएशन के प्रधान अभिषेक और महासचिव महेश ने कहा कि हरियाणा सरकार ने कर्मचारियों के साथ भेदभाव की नीति अपनाई है। कई विभागों के सैकड़ों कर्मचारियों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम से जोड़ा गया है, लेकिन रोहतक पीजीआई के अनुबंध कर्मचारियों की अनदेखी की जा रही है। सरकार का सबका साथ सबका विकास का नारा फेल हो रहा है। अभिषेक और महेश ने कहा कि कर्मचारियों और उनके परिवारों के हालात खराब होते जा रहे हैं, फिर भी सरकार के कानों पर जूं नहीं रेंग रही।

---

### ठंड से घरों में दुबके लोग



**कुरुक्षेत्र।** गर्म कपड़ों पहने अपने गंतव्य की ओर जाते वाहन चालक।

**कुरुक्षेत्र।** ठंड ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। से दुकानदार भी मायूस नजर आए। कोहरे के कारण कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन पर कई ट्रेने अपने निर्धारित समय से देरी से पहुंची, जिसके कारण यात्रियों को ठंड में परेशानी का सामना करना पड़ा। बफीर्ली ठंडी हवाओं ने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया। ठंड बढ़ने से तापमान भी नीचे लुढ़क चुका है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 17 डिग्री व न्यूनतम 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि कृषि वैज्ञानिक ठंड को गेहूं के लिए संजीवनी बता रहे हैं। सर्दी का सबसे अधिक असर छोटे बच्चों व बुजुर्गों पर पड़ रहा है। सर्दी से बचने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय कर रहे है लेकिन उन्हें फिर भी कोई राहत नहं मिल रही। सर्दी के कारण मूंगफली व गर्म कपड़ों की डिमांड बढ़ने लगी है।

---

### बैठक में उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने दिए निर्देश

# गणतंत्र दिवस समारोह में कार्यक्रम और झांकियां रहेंगी आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** अफसरों को संबोधित करते उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह को हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया जाएगा। इस 26 जनवरी में परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम और झांकिया मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेगी। इस राष्ट्रीय पर्व पर सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जाएगा। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा लघु सचिवालय के सभागार मे 26 जनवरी की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व को परम्परा अनुसार मनाया जाएगा। इसलिए सभी विभाग अपने-अपने स्तर पर समारोह की तैयारियां शुरू कर दे ताकि समय रहते सभी तैयारियां पूरी हो सके। इस पर्व को लेकर पुलिस, होमगार्ड और एनसीसी के जवान परेड की रिर्हसल शुरू करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग के अधिकारी संबंधित विभागों के साथ मिलकर लगभग 30 मिनट के सांस्कृतिक कार्यक्रम तैयार करे। इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देशभक्ति से जुड़े विषयों को शामिल किया जाए। इसके अलावा 26 जनवरी को सभी विभागों की तरफ से झांकियां निकाली जाएगी। इस वर्ष एग्री स्टैक, क्रिड, स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 की झांकियों को शामिल किया जाए। उपायुक्त ने कहा कि 26 जनवरी को सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के नाम समय रहते प्रशासन द्वारा गठित कमेटी के पास पहुंचने चाहिए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, एडीसी विवेक आर्य, एसडीएम डा. चिनार चहल, डीएमसी अमन कुमार, सीईओ जिला परिषद शम्भू राठी, डीएसपी सुनील कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लिए निर्धारित किया रूट और समय सारणी

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा राज्य परिवहन विभाग के महाप्रबंधक शेर सिंह ने कहा कि इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लिए पिपली व ज्योतिसर के लिए शेड्यूल और समय सारणी निर्धारित की है। उन्होंने कहा कि उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के आदेशानुसार पिपली व ज्योतिसर से 4 समय पर इलैक्ट्रिक्स बसों का संचालन करवाया जाना है। इसमें पिपली से नया बस स्टैंड, जिला सचिवालय, सुंदरपुरपुल, ब्रह्मसरोवर द्वितीय द्वार, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तृतीय द्वार और ज्योतिसर तक बस का रूट रहेगा।

उन्होंने कहा कि ज्योतिसर से यूनिवर्सिटी तृतीय द्वार, द्वितीय द्वार, ब्रह्मसरोवर, सुंदरपुर पुल,जिला सचिवालय, नया बस स्टैंड और पिपली का रूट रहेगा। इन बसों की समय सारणी पिपली से सुबह 8 बजकर 15 मिनट, ज्योतिसर से 9 बजकर 15 मिनट, पिपली से 10 बजकर 45 मिनट, ज्योतिसर से 11 बजकर 45 मिनट, पिपली से दोपहर 2 बजकर 45 मिनट, ज्योतिसर से 3 बजकर 45 मिनट, पिपली से 4 बजकर 45 मिनट और ज्योतिसर से 5 बजकर 45 मिनट का समय रहेगा।

### नवयुग स्कूल तथा किड्स डीपीएस स्कूल के सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने वितरित किए कंबल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल तथा किड्स डीपीएस स्कूल के स्टाफ के सभी सदस्यों एवं विद्यार्थी परिषद के विद्यार्थियों ने नवयुग स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा द्वारा प्रारंभ की गई मुहिम अर्पण में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा ने बताया कि अर्पण मुहिम का प्रारंभ इसलिए किया गया ताकि झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले एवं ईंट के भट्ठे पर काम करने वाले सभी परिवारों की सर्दी के मौसम में कम्बल एवं गर्म कपड़े देकर उनकी मदद की जा सके। विद्यालय के डायरेक्टर बी डी गाबा जी ने बताया कि गरीबों की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। यह सेवा भाव का कार्य कई वर्षों से एक साथ मिलकर कर रहे हैं और इसके लिए वह लोगों के सहयोग के साथ-साथ अपने निजी खर्चे में कटौती करके यह परोपकार करते हैं। इस बार इस मुहिम में प्रवीण वधवा, पंकज मनोचा, तरुण शर्मा, डॉ विशाल शर्मा, सतीश कामरा, प्रवीण कुमार ने भी सहयोग किया। इस अवसर पर किड्स डीपीएस विद्यालय की प्रधानाचार्या साक्षी गाबा, को ऑर्डिनेटर साक्षी गेरा, नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल के डायरेक्टर बी डी गाबा, प्रशासक विकास गाबा, प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा, मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा, को ऑर्डिनेटर ऋतु चौधरी, अध्यापिका रजनी, सीमा, नैंसी, नीतू, परमज्योति, सोनिया, हरिंदर, मोनिका सुमन, कल्पना, आशा, स्मृति, रिहाना,पूनम, अंजलि, कोमल, स्वाति, मधु, किरण, रेनू, गीता, रीमा, स्नेह, तिलेशा, अध्यापक जसमेर, किरणजीत, शक्ति प्रकाश, महिपाल आर्य सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### साधकों ने भजन, गीत, कविताओं से किया प्रभु का गुणगान

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय योग संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के तत्वावधान में एक ऑनलाइन भजन संध्या का आयोजन किया गया। देर शाम तक चली इस भजन संध्या में हरियाणा प्रांत के सभी जिलों से बड़ी संख्या में साधक- साधिकाओं ने भाग लिया। भजन संध्या का संचालन संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के संगठन मंत्री एवं प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर ने किया। ओम ध्वनि एवं गायत्री मंत्र उच्चारण के पश्चात नीलकंठ योग जिला, अंबाला से सपना द्वारा ढोलक के साथ गाये मधुर भजन मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे, राम आएंगे, राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी से भजन संध्या का आगाज हुआ। सोनीपत से शशि अत्री ने बता दो प्रभु तुमको पाऊं कैसे भजन प्रस्तुत किया। मिथिलेश चौधरी ने साधो हम तो भये निहाल भजन प्रस्तुत करके सबको निहाल कर दिया। अंबाला से तीसरी कक्षा के छात्र आयुष ने बहुत सुंदर आवाज में शिव कैलाशों के वासी भजन प्रस्तुत करके खूब वाह वाही लूटी। नरवाना से प्रवीण कुमार ने मधुर आवाज में योग गीत प्रस्तुत किया। बनखंड महादेव जिला जींद से शिवम ने अति सुंदर भजन प्रस्तुत किया। अर्जुन कुरुक्षेत्र से महेंद्र गुप्ता, हिसार से डॉ रामकुमार सैनी एवं रामनारायण, अंबाला से आशा गुलाटी, सविता व सुरेंद्र अरोड़ा, नरवाना से दिव्या एवं संध्या, कर्ण जिला कुरुक्षेत्र से मनजीत कौर तथा युधिष्ठिर जिला कुरुक्षेत्र से संतोष गुलाटी सहित कई अन्य साधक- साधिकाओं ने बहुत सुंदर-सुंदर भजन प्रस्तुत किये। बनखंड महादेव जिला जींद से अंजू एवं शिवम ने सुंदर योग गीत प्रस्तुत किया। गुलशन कुमार ग्रोवर ने कविता के माध्यम से सभी को कैलेंडर नव वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हलके के विकास कार्यों को मिल रही गति : डीडी शर्मा


**पिहोवा।** भाजपा नेता जय भगवान शर्मा डीडी का स्वागत करते ग्रामीण।

**पिहोवा।** भाजपा नेता जय भगवान शर्मा डीडी ने ग्रामीण क्षेत्र में पूरी हुई विकासकारी परियोजनाओं को जन समर्पित किया। इस दौरान डीडी शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हलके के विकास कार्यों को तेज गति मिली रही है। प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। डीडी शर्मा में भटेड़ी की महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती में 35 लाख की लागत से ट्यूबवेल और पाइपलाइन के कार्य, गांव जलबेहड़ा में 59 लाख की लागत से ट्यूबवेल एवं पाइपलाइन कार्य, मांडी गांव में सात लाख की लागत से ट्यूबवेल, संधौली में 11 लाख की लागत से निर्मित सड़क का उद्घाटन किया। जय भगवान शर्मा ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक व्यक्ति तक मूलभूत सुविधाएं समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचें। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या दूर होगी। लाडो लक्ष्मी योजना के विस्तार की जानकारी देते हुए जय भगवान शर्मा ने कहा कि सरकार ने इस योजना को और अधिक सुदृढ बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है।

### कुरुक्षेत्र की समरीन ने हासिल किया प्रथम स्थान

**कुरुक्षेत्र।** जाट सेवक संघ द्वारा जाट समाज के 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए आयोजित प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन 28 दिसंबर को पूरे प्रदेश में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस परीक्षा में प्रदेशभर से हजारों विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संघ के प्रवक्ता सुरेन्द्र पानू हिन्दुस्तानी ने बताया कि परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं, जिनमें अनेक प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी मेधा का परिचय दिया है। प्रतियोगिता के विजेताओं को नगद पुरस्कार एवं सम्मान पत्र प्रदान किए जाएंगे। जाट सेवक संघ के अध्यक्ष राजेश वडाला व वरिष्ठ उपाध्यक्ष बलजीत पूनिया ने बैठक के दौरान विजेताओं के नाम की घोषणा करते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र की समरीन कौर ने प्रथम रैंक हासिल किया है व हिसार के विभव सिहाग ने द्वितीय रैंक हासिल किया। इसके अलावा द्वितीय स्थान पर विभव सिहाग, हिसार, तृतीय स्थान पर भव्य गिल हिसार, चतुर्थ स्थान पर आरव सिंह फरीदाबाद, पंचम स्थान पर अरायना सिंह फरीदाबाद और छठा स्थान नीतू कैथल ने प्राप्त किया। अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला के प्रधान डॉ कृष्ण श्योकंद ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए जाट सेवक संघ को बधाई दी और प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों को और कुरुक्षेत्र से टॉप करने वाली छात्र समरीन कौर को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र जिले में इस प्रतियोगिता का आयोजन धन्ना जाट एजुकेशन सोसाइटी के माध्यम से करवाया गया था।

**जाट सेवक संघ की ओर से प्रतिभा खोज प्रतियोगिता आयोजित**


डॉ कृष्ण श्योकंद।

# 26 गांवों के पात्र ग्रामीणों को जल्द मिलेंगे 100-100 गज के प्लाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के द्वितीय चरण के तहत जिले के 26 गांवों के पात्र ग्रामीण परिवारों को जल्द ही 100-100 गज के प्लाट दिए जाएंगे। उपायुक्त ने सभी बीडीपीओ को अपने-अपने खंड के गांवों की प्लाट आवंटन के संबंध की सभी तैयारियों को जल्द ही पूरा करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना का तीसरा चरण शुरू होने वाला है। इससे पहले दूसरे चरण के कार्य को पूरा किया जाना है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना को लेकर जिला परिषद, पंचायत व तहसीलदारों के साथ आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बैठक में अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के तहत जिला के 26 गांव के 1353 नाम का ड्रा के तहत जारी किया था। इन नामों की ग्राम स्तर पर पहले कर्मचारियों और फिर अधिकारी द्वारा वेरीफिकेशन की जानी थी। इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि सभी पात्र परिवारों को 100-100 गज के प्लाट आवंटित किए जा सके। उन्होंने कहा कि जिन गांवों की वेरिफिकेशन का कार्य पूरा हो चुका है, वहां पर आगे की कार्रवाई को अमल में लाया जाए।

#### 30649 नागरिकों ने स्वयं किया आवेदन

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि पीएम ग्रामीण आवास योजना के तहत स्वयं व पंचायत द्वारा आवेदन किए गए थे। इसके तहत जिले के 30649 नागरिकों की लिस्ट पोर्टल पर प्राप्त हुई है। इनकी वेरीफिकेशन पंचायत विभाग द्वारा की जानी है। पंचायत विभाग की वेरिफिकेशन के बाद 5 प्रतिशत का सर्वे ब्लॉक स्तर के अधिकारियों द्वारा किया जाएगा और बाद में 2 प्रतिशत का सर्वे जिला स्तरीय अधिकारी की तरफ से किया जाएगा। जिन्हें अपनी रिपोर्ट को आवास प्लस एप्लीकेशन के माध्यम से सबमिट करना होगा। ये सर्वे 31 जनवरी तक पूरा किया जाना है। उपायुक्त ने कहा कि सरकार ने पंचायती भूमि पर 20 वर्षों से ज्यादा समय से कब्जा करने वालों को मालिकाना हक देने के लिए पॉलिसी तैयार की है। इस पॉलिसी के तहत 31 मार्च 2004 से पहले बने आवास का मालिकाना हक दिया जाएगा। 16 फरवरी तक सभी बीडीपीओ इसकी डिटेल पंचायतों से गूगल फॉर्म के माध्यम के इक्ट्ठी करके सबमिट करवाएं।

---

### मेहरचंद मेंहदीरत्ता चैरिटेबल ट्रस्ट एवं लिटिल कैंपस इंटरनेशनल स्कूल ने 78वीं वर्षगांठ को मातृ छाया दिवस के रूप में मनाया

# स्वर्गीय संतोष रानी की 78वीं वर्षगांठ पर 101 ने किया रक्तदान

**कुरुक्षेत्र।** समाजसेवी स्वर्गीय संतोष रानी की 78वीं वर्षगांठ पर 101 से ज्यादा स्वयं सेवियों ने स्वेच्छा के साथ रक्तदान किया। इस रक्तदान शिविर में रक्तदान कर किसी अनजान व्यक्ति की जान को सहजता से बचाया जा सकेगा। इसलिए आम व्यक्ति को रक्तदान महादान के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। इस समाज में रक्तदान से बड़ा कोई भी पुण्य का कार्य नहीं है। अहम पहलू यह है कि मेहरचंद मेंहदीरत्ता चैरिटेबल ट्रस्ट जरूरतमंद लोगों की मदद करने का सराहनीय एवं महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। इस संस्थान की तरफ से हर वर्ष जहां रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है, वहीं गरीब लोगों को राशन, बच्चों को स्टेशनरी और बीमार लोगों के स्वास्थ्य की जांच करने का काम किया जा रहा है। इतना ही नहीं मेहरचंद मेहंदीरत्ता चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं समाज सेवी पंकज अरोड़ा व राजीव अरोड़ा, राजेन्द्र अरोड़ा, लता रानी, कृति अरोड़ा समाज सेवा के लिए अच्छा कार्य कर रहे है।

### 22वें रक्तदान शिविर के साथ-साथ मेगा हेल्थ चैकअप कैंप का आयोजन

मेहरचंद मेंहदीरत्ता चैरिटेबल ट्रस्ट एवं लिटिल कैंपस इंटरनेशनल स्कूल, मेहर बुक डिपो एवं जर्नलिस्ट क्लब थानेसर द्वारा शुक्रवार को स्लम बस्ती कीर्ति नगर मेहरचंद मेंहदीरत्ता डिस्पेंसरी के भवन में स्वर्गीय संतोष रानी के 78वें जयंती दिवस को मातृ छाया दिवस के रुप में मनाया गया और 22वें रक्तदान शिविर के साथ-साथ मेगा हेल्थ चैकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस मातृ छाया दिवस पर संस्थान की तरफ से जरूरतमंद महिलाओं को वस्त्र और राशन भी वितरित किया गया।


**कुरुक्षेत्र।** रक्तदाता को सम्मानित करते पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा।

इस रक्तदान शिविर और मेगा हेल्प कैंप का शुभारंभ विधायक अशोक अरोड़ा, हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा,हरियाणा शुगर फैड के चेयरमैन धर्मवीर डागर, डीआईजी सुरेन्द्र पाल, महंत बंसीपुरी जी महाराज, जिला परिषद अध्यक्षा कंवलजीत कौर, केडीबी मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल, 48 कोस तीर्थ निगरानी कमेटी के पूर्व चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा, डीएसपी सुनील कुमार ने स्वर्गीय संतोष रानी की 78वीं वर्षगांठ पर 22वें रक्तदान शिविर व मेगा हेल्थ कैंप का विधिवत रुप से शुभारंभ किया। सभी मेहमानों ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया और सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान जरूरतमंद महिलाओं को वस्त्र और राशन वितरित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में 100 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई और 25 की ईसीजी की गई।

#### यह रहे मौजूद

इस मौके पर डीएमसी अमन कुमार, केडीबी सदस्य डा.ऋषिपाल मथाना, पूर्व चेयरमैन देवीदयाल शर्मा,प्रदीप झाम, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार सैनी, आम आदमी पार्टी से सुमित हिन्दुस्तानी, केएल बठला, डा. अजय अग्रवाल, एनआईटी से डा. सुरेन्द्र देशवाल, डा.पंकज चांदना,अग्रसेन पब्लिक स्कूल नीतिन गोयल, कैटर्स एसोसिएशन के प्रधान अविनी गुप्ता, एसएसचओ दिनेश राणा, चौंकी इन्चार्ज अंकित त्यागी, पीआरओ नरेश सहगवाल,कुरुक्षत्र विश्वविद्यालय से डा. कुलदीप मेहंदीरत्ता, भारत विकास परिषद डा. रमेश गुलाटी, विजयंत बिंदल, धीरज गुलाटी सहित आदि उपस्थित थे।

### 31 जनवरी तक मनाया जाएगा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह:मीणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के निदेर्शानुसार 1 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह का आयोजन जिले में व्यापक स्तर पर किया जा रहा है।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सडक दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली मृत्यु में कमी लाना है, जिसे जागरूकता, सख्त प्रवर्तन, इंजीनियरिंग सुधार तथा सुदृढ़ आपातकालीन प्रतिक्रिया के माध्यम से प्राप्त किया जाएगा। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिले में राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह के अंतर्गत सभी संबंधित विभागों द्वारा संयुक्त रूप से कार्य किया जा रहा है। इस अभियान में पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई, परिवहन विभाग, परिवहन संचालक तथा नागरिक समाज संगठन सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं।

**खबर संक्षेप**

### देशी पिस्तौल के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर के नजदीक हाथी खाना मंदिर के पास से अवैध हथियार रखने के आरोप में सीआईए-1 ने आरोपी नितिन उर्फ पोला को काबू किया है। पुलिस ने आरोपी स अवैध देशी पिस्तौल व जिंदा रौंद भी जब्त किया है।अब आरोपी को दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। सीआईए-1 के निरीक्षक हरजिंद्र सिंह ने बताया कि 1 जनवरी 2026 को सूचना मिली थी कि आरोपी के पास अवैध हथियार है जो किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। इसी आधार पर रेड कर आरोपी को काबू किया गया।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना क्षेत्र से चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी अनमोल को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता अजीत सिंह ने 1 जनवरी 2026 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 31 दिसंबर 2025 को आरोपी अनमोल ने गांव सरकपुर में स्थित वाल्मीकि मंदिर के दान पात्र से नकदी चोरी करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

### धोखाधड़ी के आरोपी को किया जांच में शामिल

**अंबाला।** थाना सैक्टर-9 अंबाला शहर में दर्ज विदेश भेजने की धोखाधड़ी के मामले में आरोपी हरभजन सिंह को शामिल जांच किया है। परिवादी धर्मपाल ने 2 नवंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 6 सितंबर 2024 से 27 सितंबर 2024 के दौरान आरोपी सतीश व अन्य ने उसके पुत्र को विदेश भेजने के मामले में उससे एक बडी रकम हडपने की धोखाधडी करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला दबोचा

**अंबाला।** नए साल पर कैंट रेलवे स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले को पुलिस ने काबू लिया। रेलवे सुरक्षा बल और राजकीय रेलवे पुलिस सहित अन्य खुफिया एजेंसियों ने संयुक्त रूप से सर्च ऑपरेशन चलाया, हालांकि इस दौरान कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु स्टेशन पर नहीं मिली, वहीं टीम ने कार्रवाई करते देर रात बिहार के माधेपुरा निवासी और मौजूदा समय में जालंधर के भूजोवाल क्षेत्र में रहने वाले मनोरंजन (28) को गिरफ्तार कर लिया है। 31 दिसंबर रात रेल मदद के हेल्पलाइन नंबर पर फोन आया। फोन करने वाले ने मुख्य वाणिज्य नियंत्रक अंबाला को स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी दी।

# सभी विकास कार्यों को तीव्रता के साथ पूरा करवाया जाएगाः गोयल

## पूर्व मंत्री ने किया 10.39 करोड़ रुपये की 51 परियोजनाओं का शिलान्यास





**अंबाला।** विकास योजनाओं का शिलान्यास करते पूर्व मंत्री असीम गोयल व अन्य। फोटो: हरिभूमि

- सीएम नायब सैनी द्वारा विकसित हरियाणा के सपने को साकार करने की दिशा में किया जा रहा शानदार काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर के कई वार्डों में शुक्रवार को 51 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल की अध्यक्षता में पंचायत भवन में भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, भाजपा नेता सुंदर ढींगरा, डिप्टी मेयर राजेश मेहता व मंडल अध्यक्षों ने विधिवत सभी विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री का यहां पहुंचने पर पार्षदगणों व अन्य गणमान्य लोगों ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत अभिनंदन किया।पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने इस मौके पर उपस्थित सभी को इन विकास कार्यों की सौगात मिलने पर बधाई देते हुए कहा कि अंबाला नगर निगम के विभिन्न वार्डों के दृष्टिगत 51 विकास परियोजनाओं पर 10 करोड़ 39 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। उन्होने इस मौके पर कहा कि विकास को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में नया विकसित हरियाणा बनाने की दिशा में निंरतरता में कार्य किए जा रहे है। देश में प्रदेश अग्रणीय स्थान पर है। अंबाला शहर भी विकास के पथ पर अग्रसर है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के कुशल मार्गदर्शन में हरियाणा के 90 विधानसभा क्षेत्रो में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्यों की निंरतरता में ब्यार बह रही है। पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने यह भी कहा कि इन विकास कार्यों की सौगात मिलने से निसंदेह क्षेत्र वासियों को काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि आज करोड़ो रुपये की जिन विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया है उनमें बरसाती पानी की निकासी के लिए पाइपलाइन डालने, नालियों व नालों का निर्माण, मुख्य नालों व छोटे नालों पर ग्रेटिंग/फैंसिंग लगाने , वेस्ट एवं होर्टिकल्चर वेस्ट साइट पर प्रीकास्ट चारदीवारी, एससी चौपाल के निर्माण करने, पार्क के निर्माण एवं नवीनीकरण कार्य के साथ-साथ अन्य विकास कार्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी विकास कार्यों को तीव्रता से करवाने का कार्य किया जाएगा, ताकि क्षेत्रवासियों को इन विकास कार्यो की सुविधा मिल सके। पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि आईएमटी को लेकर चंडीगढ़ मुख्यालय पर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की जा रही है जिसमें किसानों को भी बुलाया गया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में यह साकारात्मक बैठक होगी और निंसदेह आईएमटी विषय पर सौगात मिलेगी। उन्होने कहा कि आईएमटी से अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र में विकास को पंख लगेंगे। आईएमटी के आने से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। इस मौके पर पूर्व विधायक कालका लतिका शर्मा, मंडल अध्यक्ष अमन सूद, मंडल अध्यक्ष दिनेश लदाणा, मंडल अध्यक्ष गुरविंद्र सिंह मानकपुर, निगम सदस्य मनीष आनंद मन्नी, सरदूल सिंह, शोभा पूनिया, पिंकू सूद, अनुभव अग्रवाल, रमेश पाल नोहनी, बीनू गर्ग, रोमी अग्रवाल, संजीव गोयल टोनी, गुरप्रीत शाना, चंद्रगुप्त बंसल व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# शुरूआती चरण में 1000 एकड़ पर स्थापित होगी आईएमटी

- सीएम की किसानों व अधिकारियों से मीटिंग कामयाब, पूर्व मंत्री असीम गोयल बोले-जल्द शुरू होगी रजिस्ट्री की प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र में स्थापित होने वाली आईएमटी को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नए साल पर बड़ी सौगात दी है।



पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, उच्च अधिकारियों और क्षेत्र के किसानों के बीच आयोजित अहम बैठक सफल रही जिसके बाद आईएमटी स्थापना की दिशा में बड़ा रास्ता साफ हो गया है। इस बैठक में किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई। सहमति बनने के साथ ही अब जल्द ही रजिसट्रियों की प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है। अब आईएमटी की स्थापना की दिशा में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अंतिम स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के पीछे पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल के अथक प्रयास और निरंतर मेहनत को बड़ी सफलता मिली है। उन्होंने लंबे समय से आईएमटी को अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र में स्थापित कराने के लिए सरकार और किसानों के बीच संवाद की भूमिका निभाई, जिसका परिणाम अब सामने आया है। शुरुआती चरण में अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र में लगभग 1000 एकड़ भूमि पर आईएमटी स्थापित की जाएगी, जिससे क्षेत्र में औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी। आईएमटी के स्थापित होने से स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे साथ ही अंबाला शहर और आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी।

**सीएम का जताया आभार**

इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने अंबाला शहर को यह बड़ी सौगात देने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह परियोजना अंबाला के विकास में मील का पत्थर साबित होगी और क्षेत्र को औद्योगिक मानचित्र पर नई पहचान दिलाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश का हर क्षेत्र विकास के पथ पर अग्रसर है। मुख्यमंत्री नायब सैनी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में हरियाणा वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र में आईएमटी को लेकर सीएम द्वारा दी गई मंजूरी निश्चित ही इलाके के विकास की दिशा में स्वर्णिम अध्याय साबित होगा।

### शिक्षक वर्ग को बड़ी राहत मिलने की उम्मीदः खोखर

**बराड़ा।** हरियाणा सरकार द्वारा नई टीचर्स ट्रांसफर पॉलिसी–2025 लागू किए जाने पर हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं माननीय शिक्षा मंत्री महिपाल ढांढा का आभार जताया है। एसोसिएशन के राज्य सचिव संदीप खोखर ने नईं तबादला पॉलिसी को पारदर्शी, ऑनलाइन और व्यवस्थित बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक व सराहनीय पहल बताया है, उन्होंने कहा कि इससे लंबे समय से तबादले की प्रतीक्षा कर रहे शिक्षक वर्ग को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में बड़ी संख्या में ऐसे जेबीटी शिक्षक भी हैं, जिनके दस वर्षों से अधिक समय से तबादले नहीं हो पाए हैं।

## स्वयंसेवकों को शिविर में पिलाया दूध



**बराड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अधोया में 'दूध से शक्ति–नशे से मुक्ति' के प्रेरणादायी संदेश के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर की शुरुआत स्वयंसेवकों को दूध पिलाकर की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजेश पराशर, एनएसएस के जिला समन्वयक विजय पांडे तथा एनएसएस प्रभारी डॉ. बलवंत सिंह ने संयुक्त रूप से ज्योति प्रज्वलित कर शिविर का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम में एनएसएस प्रभारी डॉ. बलवंत सिंह ने उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद किया। प्रधानाचार्य राजेश पराशर ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को एनएसएस के आदर्श वाक्य "नॉट मी बट यू" (मैं नहीं, तुम) के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि यह वाक्य स्वयंसेवकों को समाज के प्रति समर्पण और सेवा भावना के लिए प्रेरित करता है।कार्यक्रम में विद्यालय की प्रवक्ता अंजना गुप्ता, इंदु बाला, इशा बत्रा, प्रवक्ता संजीव कुमार, राजीव कुमार, सुरेंद्र कुमार सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# कैंट रेलवे स्टेशन पर गूंजी किलकारी महिला ने स्वस्थ बच्चे को दिया जन्म

- लुधियाना से बिहार जा रही महिला की ट्रेन में करवाई गई डिलीवरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

नए साल पर अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर एक महिला ने बच्चे के जन्म दिया। लुधियाना से बिहार जा रही एक गर्भवती महिला को ट्रेन में ही प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। सूचना मिलते ही सक्रिय हुई आरपीएफ की टीम ने न केवल मोर्चा संभाला, बल्कि कोच के भीतर ही सुरक्षित प्रसव करवाकर मिसाल पेश की। स्टेशन पर किलकारी गूंजते ही यात्रियों और रेल कर्मियों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई। बिहार के रोहतास जिले के सोहड़ा गांव की देवी शंकर अपनी पत्नी ज्योति देवी (26) के साथ गाड़ी संख्या 12358 (दुर्गियाना एक्सप्रेस) के कोच एस-6 में सफर कर रहे थे। लुधियाना से सासाराम की इस यात्रा के दौरान



**अंबाला।** रेलवे स्टेशन पर बच्चे को जन्म देने वाली महिला व पुलिस की जवान।

जैसे ही ट्रेन अंबाला के नजदीक पहुंची, ज्योति को तेज प्रसव पीड़ा होने लगी, इसकी सूचना तत्काल ऑन ड्यूटी स्टेशन मास्टर सुनील गुप्ता को दी गई। सूचना मिलते ही प्लेटफार्म नंबर 2 पर आरपीएफ की टीम तैनात हो गई। एसआई कविता के नेतृत्व में एएसआई संजीव, महिला सिपाही रेनू और पूजा रानी ट्रेन के पहुंचते ही कोच में दाखिल हुए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए टीम ने ऑपरेशन मातृ शक्ति के तहत त्वरित निर्णय लिया और कोच के भीतर ही प्रसव की प्रक्रिया शुरू की। महिला सिपाही की सूझबूझ और मदद से ज्योति ने एक सुंदर स्वस्थ लड़के को जन्म दिया। इससे पहले उनके पास दो बच्चे हैं। प्रसव के तुरंत बाद रेलवे की मेडिकल टीम (डॉ. गीतू व डॉ. उर्मिल) मौके पर पहुंची। डॉक्टरों ने जच्चा और बच्चा का स्वास्थ्य परीक्षण किया और प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर देखभाल के लिए अंबाला छावनी के नागरिक अस्पताल अंबाला भेज दिया। आरपीएफ टीम ने एंबुलेंस बुलाकर पूरे परिवार को अस्पताल भिजवाया। इस दौरान टीटीई कुलदीप और अन्य स्टाफ का भी विशेष सहयोग रहा।

# शिक्षण को रोचक बनाने पर दिया जोर

**बराड़ा।** शैमफॉर्ड स्कूल में सीबीएसई के तत्वावधान में शारीरिक शिक्षा विषय को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना सभा के साथ हुआ। इसके उपरांत ज्ञान की देवी मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए गए। इस प्रशिक्षण कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को शारीरिक शिक्षा के नवीन पाठ्यक्रम, आधुनिक शिक्षण विधियों, मूल्यांकन प्रक्रिया तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान करना था। कार्यशाला के दौरान लेसन प्लान निर्माण, शैक्षणिक गतिविधियों की प्रभावी रूपरेखा, ब्लूम्स टैक्सोनॉमी के उपयोग तथा मल्टीपल इंटेलिजेंस के माध्यम से शिक्षण को अधिक रोचक एवं परिणामोन्मुखी बनाने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की गई।



**बराड़ा।** प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रतिभागी। फोटो: हरिभूमि

### उपचार के दौरान जख्मी किशोरी की मौत, केस

- परिजनों की शिकायत के आधार पर एक्टिवा सवार दंपति के खिलाफ केस दर्ज

**अंबाला।** अंबाला छावनी की राय मार्केट में नगर कीर्तन के दौरान हुए हादसे में घायल 17 वर्षीय किशोरी मुस्कान की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस ने घटना के करीब सवा महीने बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयानों के आधार पर एक्टिवा चालक महिला और उसके पति के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोप है कि टक्कर के बाद आरोपी पक्ष ने पीड़िता को सही समय पर उपचार नहीं दिया और परिजनों को गुमराह किया। बाजीगर कॉलोनी की परमजीत कौर ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि 18 नवंबर 2025 को वह अपनी बेटी मुस्कान (17), कोमल (12) और हरजीत (16) के साथ राय मार्केट में नगर कीर्तन में माथा टेकने गई थीं। दोपहर करीब तीन बजे बिग बाजार के पास पीछे से आई एक तेज रफ्तार सफेद एक्टिवा ने तीनों लड़कियों को जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर से मुस्कान एक्टिवा के नीचे दब गई, जबकि अन्य दो लड़कियां छिटक कर दूर जा गिरीं। मृतका की पोस्टमार्टम रिपोर्ट (पीएमआर) ने हादसे की गंभीरता की पुष्टि की। डॉक्टरों के अनुसार, मुस्कान की मौत ब्लंट ट्रॉमा एब्डोमेन (पेट पर जोरदार अंदरूनी चोट) की वजह से आंत फटने (इंटेस्टाइनल परफोरेशान) के कारण हुई। यह चोट एक्सीडेंट के दौरान ही लगी थी, जो जानलेवा साबित हुई।



**बराड़ा।** बच्चों को जानकारी देते हुए वक्ता। फोटो: हरिभूमि

# कैंप में फिटनेस के साथ छात्रों को स्वच्छता का दिया संदेश

## स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विशेष शिविर के दूसरे दिन विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया।

शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत एनएसएस लक्ष्य गीत के सामूहिक गायन से की गई। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने शारीरिक गतिविधियों, व्यायाम एवं रोचक खेलों में भाग लेकर दिन की शुरुआत ऊर्जावान माहौल में की। कार्यक्रम के दौरान एएनएम द्वारा विद्यार्थियों को स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं फिटनेस विषय पर विशेष व्याख्यान दिया गया। उन्होंने व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित आहार तथा नियमित व्यायाम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। इसके उपरांत एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी कुलदीप सिंह ने व्यक्तित्व विकास एवं साइबर अपराध जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विद्यार्थियों को संबोधित किया।

**कार्यक्रम** | ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय में उमंग के साथ मनाया नया साल

# नववर्ष में नए श्रेष्ठ संकल्पों के द्वारा स्वयं को उमंग के साथ उत्साहित रखें: दीदी

दीदी ने बहुत सुंदर गीतों की प्रस्तुति से सबको मंत्रमुग्ध किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर के कंचघर स्थित ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय में नव वर्ष मनाया गया। कार्येक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मेयर शैलजा सचदेवा और एसीजेएम विवेक चौधरी उनकी धर्मपत्नी, विशिष्ठ अतिथि के रूप में अनुभव अग्रवाल , अनुज अग्रवाल , रोमी गर्ग , संदीप सचदेवा , पिंकी जग्गी , सतीश गोयल भी शामिल हुए।

मुख्य वक्ता रायपुररानी से पधारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी किरण दीदी ने कहा कि नव वर्ष में नए श्रेष्ठ संकल्पों द्वारा स्वयं को सदा उमंग उत्साह में रखना है। इसके साथ ही दीदी ने बहुत सुंदर गीतों की प्रस्तुति से सबको मंत्रमुग्ध किया। मुख्य अतिथि एसीजेएम विवेक चौधरी ने नव वर्ष की सभी को बधाई दी और साथ-साथ ब्रह्माकुमारीज का 7 दिवसीय कोर्स व मेडिटेशन करने के लिए संकल्प किया। उन्होंने कहा इस स्थान के संकल्प बेहद पवित्र हैं। मेरी आत्मा यहां आकर अंदर से शांति महसूस कर रही है। मुख्य अतिथि मेयर शैलजा सचदेवा ने भी अपने वक्तव्य में कहा कि मुझे यहां आकर बहुत अच्छा लगता है। यहा आकर मुझे अपने परिवार की फीलिंग आती है। इसीलिए निज़ी व्यस्तता होते हुए भी में यहां आई। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी ने सभी को मेडिटेशन द्वारा गहन शांति की अनुभूति कराई। कहा की 2025 में हमारी सबके बहुतों के साथ खट्टी मीठी यादें बनी होगी, लेकिन सबको माफ़ करते हुए हमें आगे बढ़ना है। नव वर्ष की बड़े उमंग उत्साह से नए संकल्पों से शुरुआत करनी है।



**अंबाला।** नए वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद मुख्यअतिथि व अन्य। फोटो: हरिभूमि

कार्यक्रम रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से भरपूर रहा जिसकी शोभा बढ़ाई छोटे-छोटे बच्चों ने बहुत सुंदर नृत्य किया। कुमार विनायक ने नव वर्ष के ऊपर बहुत सुंदर कविता प्रस्तुत की। ऐसे अनेक छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से इस कार्यक्रम में चार चांद लगा दी। अंत में सभी ने केक काटकर नव वर्ष का आगमन किया।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005